# शिक्षा निदेशालय में नियमित होगी प्रकरणों की मॉनिटरिंग : नवीन जैन



शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ( सामने ) ने शिक्षा निदेशालय सभागार में शिक्षा विभाग की प्रगति की समीक्षा बैठक को संबोधित किया।

- **शिक्षा निदेशालय के स्वागत कक्ष का होगा पुनर्गठन, आगंतुकों को मिलेगी रसीद**
- **एक विंडो नव चयनित अभ्यर्थियों के लिए, दूसरी पुराने अभ्यर्थियों के लिए, तीसरी सेवानिवृत कार्मिकों के लिए तथा चौथी कार्यरत कार्मिकों, प्राइवेट स्कूल आदि के लिए बनाई जायेगी**

**बीकानेर,** (कासं)। स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन की अध्यक्षता में बुधवार को बीकानेर में प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा निदेशालय की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जैन ने अधिकारियों के साथ विभिन्न विभागीय मुद्दों पर तथा विभागीय जांच, प्राथमिक जांच, नियुक्ति, राष्ट्रीय खेल आयोजन, विभिन्न संवर्गों की डीपीसी, सामान्य प्रशासन व अन्य बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि निदेशालय के स्तर से संवेदनशीलता के साथ प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने विभिन्न जिलों से निदेशालय आने आने वाले आगुंतकों की सुविधा के लिए स्वागत कक्ष का पुनर्गठन करने के भी निर्देश दिए।

स्वागत कक्ष में चार से पांच विंडो अलग-अलग श्रेणियों के कार्य अनुसार स्थापित होगी, जिनको आवश्यकता के अनुसार घटाया-बढ़ाया जा सकता है। इनमें से एक विंडो नव चयनित अभ्यर्थियों के लिए, दूसरी पुराने अभ्यर्थियों के लिए, तीसरी सेवानिवृत कार्मिकों के लिए तथा चौथी कार्यरत कार्मिकों, प्राइवेट स्कूल आदि जैसे अन्य मुद्दों के लिए बनाई जायेगी। समस्त आने वाले आंगुतक का स्वागत कक्ष में विवरण लिखा जायेगा। जिसमें नाम, आने की दिनांक, समय, कार्य का विवरण अंकित होगा। इस आधार पर आंगुतक को टोकन जारी कर यह भी सहायता की जायेगी कि कौनसा काम किस अधिकारी-कार्मिक के पास है और कौन- कौन से अधिकारी किस भवन में बैठते हैं।

शासन सचिव ने बैठक में निर्देश दिए कि निदेशालय में प्रत्येक अधिकारी और कार्मिक की टेबल पर नेम प्लेट तत्काल लगाई जाए। अनुभागों आदि का नक्शा प्रत्येक भवन व ब्लॉक पर हो ताकि आंगुतकों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो। स्वागत कक्ष के संबंधित कार्मिक उसी दिन शाम को पांच से छः बजे के बीच वेरिफाई व मॉनिटरिंग करेंगे कि आंगुतकों की संबंधित अधिकारी या कार्मिक से मुलाकात हो गई है या नहीं और उसका वैध कार्य हो गया है या नहीं। यदि नहीं हुआ है तो कब तक हो जायेगा और उसका लगातार फॉलोअप निदेशालय के जेडी-डीडी स्तर के अधिकारियों द्वारा संवेदनशीलता के साथ किया जायेगा।

निदेशालय के स्वागत कक्ष में की जाने वाली नई व्यवस्थाओं के फॉलोअप के लिए कम्प्यूटर अनुभाग द्वारा मॉनिटरिंग फॉर्म बनाया जायेगा। जिसकी नियमित सूचना शासन सचिव को भेजी जायेगी। इसके साथ ही शासन सचिव की प्रत्येक बैठक में निदेशालय के स्वागत कक्ष पर आने वालों के केसेज के डिस्पोजल की स्थिति की समीक्षा एक स्थाई एजेंडा रहेगा।

**आशु भाषण प्रतियोगिता :** महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित शिविर के तीसरे दिन योग शिविर एवं आशु भाषण प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई।

विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयं सेवकों ने प्रथम सत्र में योगभ्यास किया तथा योग का व्यक्ति के जीवन में महत्व को समझा। योग शिक्षक प्रणय द्वारा योग के विभिन्न आसनों को विस्तापूर्वक बताकर स्वयंसेवकों को नियमित रूप से योग करने की सलाह दी गई।

शिविर के द्वितीय सत्र आशु भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्वयंसेवकों ने विभिन्न विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। शिविर में निर्णायक की भूमिका डॉ. गौतम कुमार मेघवंशी एवं डॉ. सीमा शर्मा द्वारा निभाई गई। शिविर के तृतीय सत्र में सचिवालय एवं प्रशासनिक भवनों के आस-पास में साफ-सफाई की गई। विश्वविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी उमेश शर्मा एवं डॉ. संतोष कंवर शेखावत ने इस अवसर पर स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना से मिलने वाले अवसर के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

## महिला लेखन और चुनौतियां संवाद 9 को

**बीकानेर,**(कासं)। हिन्दी राजस्थानी के साहित्यकार लक्ष्मीनारायण रंगा की स्मृति में प्रति माह 9 तारीख को होने वाले मासिक साहित्यक-सृजनात्मक कार्यक्रमों के क्रम में प्रज्ञालय संस्थान एवं कमला देवी-लक्ष्मीनारायण रंगा ट्रस्ट द्वारा शनिवार को शाम 5 बजे नागरी भण्डार स्थित सुदर्शन कला दीर्घा में महिला रचनाकारों पर केंद्रित परिसंवाद का आयोजन किया जायेगा।

आयोजक संस्था के वरिष्ठ शिक्षाविद राजेश रंगा ने बताया कि नगर में पहली बार हिन्दी, उर्दू और राजस्थानी की महिला रचनाकारों पर केंद्रित 'महिला लेखन और चुनौतियां' विषयक परिसंवाद का आयोजन रखा गया है। परिसंवाद की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार शीला व्यास करेंगी। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री प्रमिला गंगल होंगी। वहीं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बसंती हर्ष रहेंगी।

रंगा ने बताया कि इस महत्वपूर्ण विषय के लिए मुख्य वक्ता के तौर पर वरिष्ठ साहित्यकार इंद्रा व्यास परिसंवाद विषय पर अपने विचार रखेंगी।

परिसंवाद आयोजन के संयोजक एवं सहसंयोजक कासिम बीकानेरी एवं संजय सांखला ने साझा रूप से बताया कि उक्त परिसवंद के लिए यामिनी जोशी, डॉ. चंचला पाठक, डॉ. रेणुका व्यास, रितु शर्मा, मनीषा आर्य सोनी, सरोज भाटी, मधुरिमा सिंह, डॉ. कृष्णा वर्मा, पूर्णिमा मित्रा, डॉ. कृष्णा आचार्य, डॉ. शकीला बानो, डॉ. सीमा भाटी, मुक्ता तेलंग, सुधा आचार्य, इला पारीक, डॉ. संजू श्रीमाली, सरिता पारीक, ज्योति वधवा, डॉ. चारूलता रंगा एवं निकिता पुरोहित सहित हिन्दी, उर्दू और राजस्थानी महिला रचनाकार शामिल होंगी।

## सार-समाचार

### भागवत कथा 16 से, तैयारी बैठक




पंडित भाईश्री व सुरेश पुरोहित ने श्रीमद्भागवत कथा के पोस्टर का विमोचन किया।

**बीकानेर,**(कासं)। स्थानीय शहीद भगत सिंह पार्क, सेक्टर 2, जयनारायण व्यास कॉलोनी मे सर्वजन कल्याणार्थ एवं मनोकामना पूर्ण हेतु 16 से 22 दिसम्बर तक श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। आयोजन से जुड़े रामेश्वर बाना और सुरेश पुरोहित ने बताया कि कथा का वाचन श्री मरूनायक व्यास पीठाधीश्वर पंडित भाईश्री के द्वारा मल मास के पावन अवसर पर सर्वजन कल्याणार्थ एवं मनोकामना पूर्ण हेतु किया जायेगा। कथा का समय दोपहर 1:15 बजे से सायं 5:15 बजे तक रहेगा। कलश यात्रा 15 दिसम्बर को दोपहर 4:15 बजे महारानी लक्ष्मी बाई पार्क से प्रारम्भ होकर पूरे क्षेत्र की परिक्रमा करके कथा स्थान तक पहुंचेगी। आज कथा संदर्भ में कथा स्थान का भूमि पूजन, ध्वजा रोहण, बैनर विमोचन एवं तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें रामेश्वर बाना, सुरेश पुरोहित, पवन राठी,नवल गिरी, संदीप सिंह,अर्जुन सिंह, कोमल गाबा, अरूणा खत्री, जेहाना चोहान, बनारसी चौहान, कृष्णा बाना, यशोदा गहलोत, नीतू गहलोत,आरती डोगरा सहित गणमान्य उपस्थित थे।

### डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। विधानसभा करणपुर चुनाव 2023 के दौरान गंगानगर जिले की विधानसभा करणपुर में पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा को लेकर बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विभिन्न श्रेणियों के मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध करवाये जाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने श्रीगंगानगर जिले के विधानसभा करणपुर में पदस्थापित कार्मिकों को मतदान दिवस पर अवकाश देने के लिये विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। आबकारी अधिकारी रीना छिम्पा ने बताया कि जो भी कार्मिक पोस्टल बैलेट की सुविधा लेगा, वह बूथ पर जाकर मतदान करने से वंचित रहेगा। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार जाखड़, आबकारी अधिकारी रीना छिम्पा, नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहुजा, नरेन्द्र दास सिंह, सीएमएचओ डॉ. मनमोहन गुप्ता, पीएमओ, एस. आर. जांगिड़ उपस्थित थे।

### कृषि छात्रों ने जीता प्रथम पुरस्कार

**बीकानेर,** (कासं)। एसकेआरएयू के संघटक महाविद्यालय कृषि व्यवसाय प्रबंधन संस्थान बीकानेर के विद्यार्थियों ने भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ, नई दिल्ली द्वारा विश्व मृदा दिवस पर 5 दिसम्बर को आयोजित 1 मिनट की वीडियो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। संस्थान के निदेशक डॉ. योगेश शर्मा ने बताया कि संस्थान के विद्यार्थी नरेश कुमार, दीपक भारद्वाज, तायल चौहान तथा राहुल गौरीश ने यह उपलब्धि हांसिल की। इस प्रतियोगिता में दिल्ली यूनिवर्सिटी के विद्यार्थी दूसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार इम्पेरियल स्कूल ऑफ एग्री बिजनेस मैनेजमेंट नोएडा द्वारा आयोजित 'केस स्ट्रडी' प्रतियोगिता में संस्थान की शोभा कुमारी, पवन कुमार तथा कुशाग्र दाधीच ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व 11000 हजार रूपए का पुरस्कार जीता। कुलपति डॉ. अरूण कुमार ने इस सफलता पर विद्यार्थियों को बधाई दी।

### सामूहिक योगाभ्यास किया



शहीद मेजर पूरण सिंह फोर्ट स्कूल में 'फिट इंडिया वीक' कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सामूहिक योगाभ्यास किया।

**बीकानेर,** (कासं)। फिट इंडिया वीक कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को स्टेशन रोड़ स्थित शहीद मेजर पूरण सिंह फोर्ट स्कूल सभागार में योग एवं ध्यान का सत्र आयोजित किया गया। जिसमें फोर्ट स्कूल के साथ-साथ राजकीय सादुल स्कूल एवं राजकीय जैलवेल स्कूल के सैकड़ों विद्यार्थियों ने योग सत्र में भाग लिया। फोर्ट स्कूल के कार्यवाहक प्रधानाचार्य संजय सांखला ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अनिल बोडा थे। कार्यक्रम में योग गुरू दीपक शर्मा ने सैंकड़ों छात्र-छात्राओं को सूर्य नमस्कार, एकाग्रता एवं स्मरण शक्ति बढ़ाने वाली विभिन्न यौगिक क्रियाओं जिसमें सूक्ष्म व्यायाम, ताड़ासन, वृक्षासन, अर्द्ध चक्रासन, कपालभांति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम के साथ-साथ संगीतमय ध्यान का अभ्यास करवाया। उन्होंने कहा कि योग एवं ध्यान के नियमित अभ्यास से व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी अनिल बोडा ने कहा कि योग संपूर्ण विश्व को भारत की अमूल्य देन है।

# युवक को गाड़ी से कुचलने का प्रयास, भागकर जान बचाई

- **आरोपी गाड़ियों में हथियारों से लैस थे, पीड़ित की गाड़ी को जोरदार टक्कर मारी**

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के हदां पुलिस थाना क्षेत्र में कुछ लोगों ने एक युवक को गाड़ी से कुचल कर मार देने का प्रयास किया। किंतु किसी तरह से युवक ने भागकर अपनी जान बचाई।

आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। इस आशय का मामला नोखड़ा गांव निवासी भंवर सिंह पुत्र जेठू सिंह ने आठ नामजद व दस-पन्द्रह अन्य लोगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में पीड़ित ने बताया कि 03 दिसम्बर को वह डीजे लगी जीप से जा रहा था। शाम को तकरीबन सात-आठ बजे आरोपी हिराई निवासी विक्रम सिंह, उदट गांव निवासी आनन्द सिंह, हदां गांव निवासी महेन्द्र सिंह, नोखड़ा गांव निवासी श्रवणराम, रुपाराम, मनीष, श्रवण मेघवाल एवं रामसिंहपुरा निवासी देवाराम ओड व 10-15 अन्य गाड़ियों में सवार होकर आए। बताया जा रहा है कि इनके हाथ में बंदूक व पिस्तौल थी। आरोपियों ने उसकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मारी। आरोप है कि आरोपियों ने उसको कुचल देने का प्रयास किया। इससे वह घबरा गया तथा एक अन्य गाड़ी के पीछे जाकर छिप गया।

जब वह जान बचाने के लिए भागा तो आरोप है कि आरोपी हथियार लेकर उसके पीछे भागे। इसी दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बीच बचाव करते हुए उसको छुड़ाया। उसके बाद आरोपी वहां से चले गए। आरोप है कि आधे घंटे के बाद हथियारों के साथ बस स्टैण्ड पर पहुंचे तथा हवा में हथियार लहराते हुए दहशत फैलाई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

**घर में घुसकर पीटा :** शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर आक्रोशित हुए बदमाशों ने एक जने को घर में घुसकर पीटा। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इस बारे में घायल युवक ने पुलिस अधीक्षक को परिवाद दिया। इसी परिवाद के आधार पर नयाशहर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

दरअसल परिवाद में चौखूंटी रेलवे फाटक के नजदीक रहने वाले घायल अशोक कुमार नायक पुत्र केशराराम ने बताया कि आरोपियों ने उससे शराब पीने के लिए रूपये मांगे। उसने रूपये देने से इनकार कर दिया। इससे आक्रोशित बदमाशों ने एक दिसम्बर की रात को तकरीबन 12 बजे घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की।

## नाले में गिरने से युवक की मौत

**बीकानेर,** (कासं)। दियातरा गांव के पास सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया।

दियातरा पुलिस ने बताया कि सुबह करीब साढ़े दस बजे खेतोलाई रोड से दियातरा की तरफ आ रहे दो युवकों की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दियातरा के दत्तात्रेय तालाब के पीछे बने टूटे पुल की दीवार से टकरा गई। टक्कर से दोनों युवक बरसाती नाले में जा गिरे जिससे एक युवक की मौत हो और अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों में आसपास के लोगों ने बाहर निकाला और हॉस्पिटल लेकर गए। घायल युवक का प्राथमिक उपचार के बाद उसे पीबीएम हॉस्पिटल रैफर कर दिया। मृतक के शव को कोलायत मोर्चरी में रखवाया। मृतक की पहचान गोगड़ियाला निवासी कालूनाथ उर्फ उत्तम नाथ पुत्र डाल नाथ व घायल कोलायत के मढ़ निवासी दिनेश पुत्र सुरम नाथ बताया जा रहा है। मृतक का पोस्टमार्टम बुधवार को होगा।

# बीकानेर की गौशालाओं का अनुदान अटका

- **अनुदान समय पर नहीं मिला तो गौशालाओं को चारा पानी की व्यवस्था के लिए भटकना पड़ेगा**

**बीकानेर,** (कासं)। गौशाला संघ ने गोपालन निदेशक, पशुपालन विभाग बीकानेर को पत्र प्रेषित कर गौशालाओं को अनुदान अति शीघ्र देने की मांग की।

इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष सूरजमाल सिंह नीमराना ने कहा कि गौशालाओं के अनुदान के आदेश हुए लगभग 2 महीने होने जा रहे हैं, परंतु अभी तक बीकानेर की गौशालाओं को अनुदान नहीं मिला। विभागीय लापरवाही के कारण से यह अनुदान नहीं मिल पाया।

नीमराना में बताया कि अनुदान के लिए गोपालन समिति की बैठक होनी जरूरी है। यह बैठक चुनाव से पहले बीकानेर की गोपालन समिति ने जिला कलेक्टर के माध्यम से पशुपालन विभाग के द्वारा कर ली गई थी। फिर भी अनुदान का वितरण नहीं हो पाया और ना ही बिल वाउचर अपलोड हो पाए। बीकानेर के पशुपालन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण से बीकानेर की अनुदान में आई 151 गौशालाओं के 38 करोड़ रूपए अटके हुए हैं। यदि समय रहते यह अनुदान बीकानेर की गौशालाओं को नहीं मिलता है तो बीकानेर की गौशालाओं में बहुत बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो जायेगा और गौशालाओं को चारा पानी की व्यवस्था के लिए भटकना पड़ेगा। गौशालयों के अनुदान वितरण हेतु बिल वाउचर अपलोड करने के आदेश 09 दिसम्बर तक नहीं किए गए तो 12 दिसम्बर से संगठन पशुपालन विभाग कार्यालय पर धरने पर बैठ जायेगा।

# मां-बेटे को कुंड में गिरा मारने का आरोप

- **ससुराल वालों पर दहेज के लिए परेशान कर उसकी भतीजी व दोहिते को पानी के कुंड में गिराकर मार देने का आरोप लगाया**

**बीकानेर,** (कासं)। श्रीडूंगरगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में मां और बेटे को पानी के कुंड में गिराकर मार देने का आरोप मृतका के पीहर पक्ष ने ससुराल पक्ष पर लगाते हुए उनके खिलाफ थाने में रिपोर्ट दी है।

सुजानगढ़ तहसील के जैतासर गांव निवासी बीरबल राम पुत्र सोहनराम ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए तंग व परेशान कर उसकी भतीजी व दोहिते को पानी के कुंड में गिराकर मार देने का आरोप लगाया है। दरअसल मामला आडसर गांव का है। जहां वारदात पांच दिसम्बर की बताई जा रही है।

मृतका के चाचा ने बताया कि ससुराल वालों ने एकराय होकर उसकी भतीजी पूजा व दोहिते आयुष को दहेज के लिए तंग व परेशान कर इन दोनों को पानी के कुंड में गिरा दिया। जिससे डूबने से इन दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट के आधार पर आडसर बास में रहने वाली पुष्पा देवी पत्नी कानाराम, गोरधन पुत्र कानाराम, भरत पुत्र कानाराम, रेखा पुत्री कानाराम के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## गोगामेड़ी की हत्या की निंदा

**बीकानेर,** (कासं)। राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या पर भाजपा ने कड़ी निंदा की है। भाजपा शहर जिलाध्यक्ष विजय आचार्य ने कहा कि राजस्थान में गहलोत सरकार ने 5 वर्षों तक विधि व्यवस्था को चौपट कर दिया था। अब जाते-जाते इस सरकार ने एक वीर सामाजिक योद्धा की बलि ले ली। राजस्थान पुलिस से अविलम्ब की गिरफ्तारी कर इन्हें फास्ट ट्रेक कोर्ट से फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। सुराणा ने कहा कि अपराधी और सामाजिक तत्वों के प्रति भाजपा की जीरो टॉलरेंस की नीति रही है। राजस्थान में सरकार बनते ही इनके खिलाफ बड़ा अभियान चलाया जायेगा। भाजपा नेता नरेश नायक, श्याम सुंदर चौधरी, हनुमान सिंह चावड़ा, गोकुल जोशी, ने भी इस जघन्य हत्याकांड की कड़ी निंदा की है।

# रोडवेज़ को नई बसों की दरकार, टेंडर प्रक्रिया शुरू

- **जिले में 25 नई बसों के प्रस्ताव सरकार व मुख्यालय को भिजवाए गए हैं**

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर आगार प्रबंधन ने 25 नई बसों की डिमांड रोडवेज मुख्यालय भिजवा रखी है। बसों के मिलने की संभावना के चलते रोडवेज प्रशासन हर गांव तक रोडवेज को पहुंचाने की तैयारी में जुट गया है।

बीकानेर जिले में यात्रीभार वाले 39 रूट चिन्हित किए गए हैं। जिन पर 23 से अधिक बसें चलाई जायेगी। बीकानेर आगार के मुख्य प्रबंधक अंकित शर्मा ने बताया कि ग्रामीण रूटों पर नए रूट बनाये गए हैं लेकिन बसों की कमी के चलते इन्हें संचालित नहीं किया जा रहा है। ऐसे में जिले में 25 नई बसों के प्रस्ताव सरकार व मुख्यालय को भिजवाए हुए हैं। नई बसें मिलते ही नए रूट शुरू कर दिए जायेंगे। नई 25 बसें मिलने पर इन्हें जयपुर, अजमेर, श्रीगंगानगर, खाजूवाला चलाया जायेगा। नई योजना में लूणकरनसर, कोलायत, छतरगढ़ में रोडवेज की एक-एक बस का रात्रि विश्राम मुख्यालय पर कराने की योजना है, ताकि वे बसें अलसुबह सवारी लेकर आ सकें। फिलहाल खाजूवाला और नोखा में रोडवेज की बसें रात्रि विश्राम कर रही हैं।

रोडवेज सूत्रों की मानें तो बीकानेर रोडवेज डिपो में हर दिन 90 बसों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें 31 बसें अनुबंधित हैं, जिससे राज्य सरकार को रोजाना 15 से 20 लाख का राजस्व मिल रहा है। नए रूट पर बसों का संचालन शुरू होने से 39 बसों के फेरे और बढ़ जायेंगे। रोडवेज बेड़े में 110 बसें हो जायेगी।

अंकित शर्मा, मुख्य प्रबंधक बीकानेर आगार का कहना है कि नई अनुबंधित बसों की टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने पर बीकानेर को जल्द बी-6 की 25 नई बसें मिलेंगी। इन बसों को दिल्ली, जयपुर सहित लम्बे रूट पर चलाया जायेगा।

# करणपुर विधानसभा क्षेत्र में आचार संहिता लागू, 5 जनवरी को मतदान



करणपुर विधानसभा चुनाव को लेकर राजनैतिक दलों के साथ हुई बैठक को जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप ( दाएं ) ने संबोधित किया।

- **जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट में बैठक हुई**

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। विधानसभा चुनाव 2023 के अंतर्गत निर्वाचन क्षेत्र करणपुर (03) के लिए चुनाव की घोषणा की जा चुकी है। इसके तहत बुधवार को जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा क्षेत्र करणपुर (03) में चुनाव के लिये मतदान की तिथि 5 जनवरी निधारित होने की जानकारी देते हुए बताया कि श्रीगंगानगर जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। जिला निर्वाचन अधिकारी अंशदीप ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार करणपुर विधानसभा में चुनाव करवाने के लिये 12 दिसम्बर को अधिसूचना जारी की जायेगी।

अधिसूचना के साथ ही नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया शुरू होगी। 19 दिसम्बर तक नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि होगी। 20 दिसम्बर को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी तथा 22 दिसम्बर तक नामांकन पत्रों को वापस लेने की अंतिम तिथि होगी। 5 जनवरी को मतदान होगा तथा 8 जनवरी को मतों की गणना जिला मुख्यालय पर की जायेगी। उन्होंने बताया कि करणपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही श्रीगंगानगर जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद जाखड़, आबकारी अधिकारी रीना छिम्पा, नगर परिषद आयुक्त यशपाल आहूजा, सीओ सिटी प्रशांत कौशिक, बीजेपी से प्रदीप धेरड़, कांग्रेस से भीमराज डाबी मौजूद थे।

# बीकानेर में अन्तर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव का आगाज़ 11 से

**बीकानेर,** (कासं)। अन्तर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव का आयोजन 11 से 14 जनवरी तक किया जायेगा। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में इस संबंध में आयोजित बैठक में यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आगामी अंतराष्ट्रीय ऊंट उत्सव-आइकंस ऑफ बीकानेर की थीम पर आयोजित किया जायेगा। इसमें स्थानीय कला, संगीत और संस्कृति में विशेष उपलब्धियां हासिल करने वाले कलाकारों को इस उत्सव के माध्यम से एक वैश्विक मंच उपलब्ध करवाया जायेगा। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि ऊंट उत्सव में 11 जनवरी को क्लासिकल फॉर्म्स ऑफ आर्ट्स के संबंध में विशेष आयोजन किया जायेगा।

इस दौरान शास्त्रीय संगीत व शास्त्रीय नृत्य से जुड़े कलाकारों द्वारा विशेष प्रस्तुतियां दी जायेगी। उत्सव के दौरान 12 जनवरी को धरणीधर स्टेडियम में कला व संस्कृति का फ्यूजन शो का आयोजन किया जायेगा जिसमें स्थानीय लोक कला संस्कृति के रंगों के साथ-साथ कंटेंपरेरी आर्ट भी जोड़कर वो आयोजित होगा। स्थानीय व्यंजन भी इस शो के आकर्षण रहेंगे।

सहायक निदेशक पर्यटन कृष्ण कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव के दौरान रायसर में सेलिब्रिटी नाइट आयोजित की जायेगी। जिसमें अग्नि नृत्य के साथ-साथ एक विशेष सेलिब्रिटी को प्रस्तुति हेतु आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रायसर के धोरों में घुड़दौड़ और घोड़ों के नृत्य भी इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय ऊंट उत्सव में आकर्षण के विशेष केन्द्र होंगे। कैमल फार्म में प्रतिवर्ष की भांति ऊंट दौड़ आयोजित होगी।

कैमल फार्म में ऊंट श्रृंगार एवं ऊंट दौड़ तथा ऊंट डांस प्रतियोगिता एवं ऊंट पर कटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। बैठक में जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि ऊंट उत्सव में देशी-विदेशी पर्यटकों की अधिक से अधिक भागीदारी रहे, इसके लिए प्लानिंग करते हुए तैयारियां समय पर करें और प्रचार प्रसार पर विशेष ध्यान दिया जाए।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**
**संख्या 129 to 130-23-24**
मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दिनांक 27.12.2023 को 15.00 बजे तक खुली ई-निविदा आमंत्रित करते है:- **निविदा संख्या** : 129 **कार्य का नाम व स्थान** : रामसिंहपुर में बैलास्ट डिपो के संबंध में टीआर (एस) कार्य सहित गुडस लाईन/ओसी साईडिंग के विस्तार का कार्य। **अनुमानित लागत मूल्य** : Rs. 12745248.93 **धरोहर राशि** : Rs. 213700.00 **निविदा संख्या** : 130 **कार्य का नाम व स्थान** : वरि मण्डल इंजीनियर/पश्चिम के क्षेत्राधिकार में विभिन्न समपारों पर रोड़ सरफेश, अप्रोच वॉल इत्यादि के सुधार करना (21 समपार) **अनुमानित लागत मूल्य** : Rs. 7045962.09 **धरोहर राशि** : Rs. 140900.00 **नोट**:- अन्य शर्ते रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।
AK-1246
/NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें